तापमान

अधिकतम 17.3 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

12 बेरहमी से मजदूर की हत्या करने वाले फैक्ट्री...



12 अनाजमंडी की चारदीवारी करवाई जाए ऊंची



## खबर संक्षेप

### लंबित इंतकाल मामलों का किया जाएगा निपटारा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूती देने की दिशा में हरियाणा सरकार ने समयबद्ध राज्यव्यापी अभियान जलसा-ए-आम शुरू किया है। इसके तहत सभी लंबित इंतकाल मामलों का निपटान किया जाएगा। साथ ही एग्रीस्टैक के क्रियान्वयन, डिजिटल राजस्व सुधारों, भूमि विभाजन मामलों के निस्तारण, अंतर-राज्य सीमा चिह्नांकन तथा व्यापक शीतलहर तैयारियों को गति दी जाएगी।

### सेक्टर 13-17 में विवाह उत्सव 23 जनवरी को

**पानीपत।** श्री शनि मंदिर हुडा सेक्टर 17 के सौजन्य से द्वितीय सामूहिक विवाह उत्सव 23 जनवरी को सेक्टर 13-17 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए वेद प्रकाश मेहता ने बताया कि कन्यादान महादान के कथन को चरितार्थ करते हुए यह है सामूहिक विवाह उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

### पानीपत को बाल विवाह मुक्त करेंगे

**पानीपत।** बाल विवाह को रोकना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक धार्मिक संस्थाएं विवाह सेवा प्रदाता, पंचायतें और आम नागरिक एकजुट होकर यह संकल्प नहीं लेते कि वे बाल विवाह को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक इस सामाजिक बुराई का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

### दिन में धूप निकलने से मिली ठंड से राहत

**पानीपत।** पानीपत में वीरवार को दिन में धूप निकलने से नागरिकों को हाड कंपा देने वाली ठंड से हलकी राहत मिली। बडी संख्या में नागरिक दिन में धूप सेकते रहे। हालांकि सुबह व दिन ढलने के बाद शीतलहर ने नागरिकों को घर के रहने को मजबूर कर दिया। सर्दी के चलते पार्कों व बाजारों और सडकों पर बहुत कम संख्या में नागरिकों का आवागमन हुआ। दूसरी ओर, डॉक्टर्स ने नागरिकों को ठंड से बचाव करने की सलाह दी। डॉ.दिव्या ने कहा कि ठंड के इस मौसम में बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**आधुनिक युग के कृषिऋषि के नाम से देश में विख्यात राज्यपाल आचार्य देवव्रत का प्राकृतिक कृषि मॉडल विशेषज्ञों को लुभा रहा**

# महाराष्ट्र के चार प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति कुरुक्षेत्र गुरुकुल पहुंचे देशी गाय और गोमूत्र-गोबर का प्राकृतिक खेती प्रबंधन देखकर रह गए हैरान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आधुनिक युग के कृषिऋषि के नाम से देशभर में विख्यात राज्यपाल आचार्य देवव्रत का प्राकृतिक कृषि मॉडल किसानों के साथ-साथ अब कृषि विशेषज्ञों को भी लुभा रहा है। पहले हिमाचल प्रदेश, फिर गुजरात और अब महाराष्ट्र में भी प्राकृतिक खेती को लेकर आचार्यश्री द्वारा चलाई मुहिम का असर साफ तौर पर देखा जा रहा है और लाखों की तादाद में किसान उनके मार्गदर्शन में आज प्राकृतिक को अपनाकर न केवल लोगों को पोषण से भरपूर शुद्ध खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत हुए हैं। गोशाला में देशी नस्लों की गाय और गोमूत्र-गोबर का प्राकृतिक खेती हेतु प्रबंधन देख सभी अतिथि हैरान रह गये, उन्होंने एक स्वर में कहा कि गोमाता की उत्तम सेवा और गोबर-गोमूत्र का श्रेष्ठतम उपयोग आचार्यश्री के मार्गदर्शन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है।

### विभिन्न प्रकल्पों का बारीकी से किया अवलोकन



**अतिथियों का जोरदार स्वागत** गुरुकुल में पहुंचे प्रोफेसर संजय भावे, कुलपति डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विवि, दापोली, प्रोफेसर इन्द्रमणि मिश्रा, कुलपति वसंतराव नाइक मराठवाडा कृषि विश्वविद्यालय, परभनी, डॉ. विलास खारचे, कुलपति महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ, राहुरी और डॉ. शरद गडख, कुलपति, डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला का पदमश्री डॉ. हरिओम एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया।

### प्राकृतिक उत्पाद भेंट किए

आचार्यश्री की प्राकृतिक कृषि की प्राथमिक प्रयोगशाला रहा गुरुकुल कुरुक्षेत्र का प्राकृतिक कृषि फार्म भी देशभर में प्रसिद्ध है और समय-समय पर यहां पर कृषि विशेषज्ञ अपनी जिज्ञासाओं को शान्त करने पहुंचते हैं, इसी कड़ी में महाराष्ट्र के चार प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति बुधवार को गुरुकुल पहुंचे और यहां पर चल रहे विभिन्न प्रकल्पों का बारीकी से अवलोकन किया। इनके साथ कई अन्य कृषि विशेषज्ञ भी प्राकृतिक खेती को जानने के लिए गुरुकुल पहुंचे। गुरुकुल में इन सभी अतिथियों ने जीवामृत निर्माण केन्द्र, गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला, देवयान विद्यालय भवन, एनडीए ब्लॉक, आर्ष महाविद्यालय आदि का भ्रमण किया। गुरुकुल की ओर से पदमश्री डॉ. हरिओम एवं रामनिवास आर्य ने सभी अतिथियों को प्राकृतिक उत्पाद भेंट किया और गुरुकुल पहुंचने पर आभार जताया।

### मटर और गोभी का चखा स्वाद

गुरुकुल के फार्म पर पहुंचे सभी कुलपति महोदयों ने वहां पर ड्रेगन फ्रूट, केला, चीकू, बेर, आम, लीची, स्ट्रॉवरी, सिंघाडा आदि की बागवानी, गेहूँ, धान, गन्ना व हरी सब्जियों की उन्नत खेती पर विस्तृत चर्चा की। यहां डॉ. हरिओम ने उन्हें गेहूँ और चना की मिश्रित फसल दिखाई और बताया कि इसमें पानी की 50 फीसदी तक बचत होती है और उत्पादन भी पूरा मिलता है। फार्म पर बनाया जंगल मॉडल भी अतिथियों को बहुत पसंद आया जिसमें वर्षभर अलग-अलग फलों का उत्पादन होता है। यहीं पर फूलगोभी और मटर की मनभावनी और गुणवत्ता से लबरेज फसलों को देख कुलपति महोदय ललचाए बिना नहीं रह सके और उन्होंने गोभी के फूल को तोड़कर इसका स्वाद चखा, इसी प्रकार मटर की फलियां भी खायीं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वे सलाद ने खाते क्योंकि बाहर सलाद वाली फसलों में बहुत अधिक मात्रा में केमिकल, कीटनाशक डाला जाता है मगर गुरुकुल की सब्जियों को देखकर व्यक्ति के मुंह में पानी आ जाता है। कुल मिलाकर गुरुकुल के फार्म पर हो रही प्राकृतिक खेती को देखकर सभी अतिथि अभिभूत नजर आए और प्राकृतिक खेती को लेकर उनके मन में चल रही सभी शकाएं यहां आकर दूर हो गई। उन्होंने कहा कि वाकई में आचार्यश्री का प्राकृतिक कृषि मॉडल किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा, अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए और महाराष्ट्र में वे इसके लिए भरसक प्रयास करेंगे।

**इनेलो जिलाध्यक्ष के भाई की हत्या मामले में पानीपत पुलिस की जांच में खुलासा**

# यमुनानगर में लकड़ी व तेल में जलाया था जयदीप का शव

### नहर में नेत्र रोग अधिकारी की अस्थियों की तलाश जारी

*पुलिस ने हत्यारोपी गुरूदर्शन को सात दिन के रिमांड पर लिया और पानीपत पुलिस हत्यारोपी जस्सी को साथ लेकर जांच कर रही है, मुठभेड़ में फरार जलदीप की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि हत्यारोपियों ने इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई व पानीपत स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त नेत्र अधिकारी जयदीप राठी की हत्या की और शव को यमुनानगर में 15 क्विंटल लकड़ी और उस पर 10 लीटर तेल छिड़क जलाया था। पुलिस हत्यारोपी जसवंत उर्फ जस्सी को उस स्थान पर लेकर गई जहां राठी का शव जलाया गया था। इधर, आरोपियों ने जयदीप राठी की अस्थियों व राख को नरवाना ब्रांच नहर (भाखड़ा) में बहा दिया। वहीं पानीपत पुलिस, कुरूक्षेत्र की पुलिस व स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की मदद से नहर में अस्थियों की तलाश करवा रही है। हालांकि पुलिस को सफलता नहीं मिली। जबकि नहर में पानी के स्तर को कम करवाया गया है। इधर, हत्या आरोपियों ने तय योजना के तहत जयदीप के शव को जलाने के लिए लकड़ियों व तेल का पहले से ही इंतजाम कर रखा था। वहीं, पानीपत पुलिस मुठभेड में फरार हुए जयदीप हत्याकांड के आरोपी जलदीप की सरगर्मी से तलाश कर रही है।



**पानीपत।** पुलिस की टीम नहर में जयदीप राठी के शव के अवशेषों की तलाश कराते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जलदीप की तलाश तेज

सीआईए वन के प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि जयदीप हत्याकांड में आरोपी जसवंत को साथ लेकर जांच कर रही है। फरार जलदीप की तलाश जारी है, उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। राठी हत्या मामले में गठित पुलिस की एसआईटी टीम ने वीरवार को आरोपी गुरूदर्शन को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर कोर्ट से उसे सात दिन के रिमांड पर लिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जयदीप राठी हत्याकांड में पहले जेल जा चुके चार आरोपियों गांव बाल जाट्टान निवासी हरेंद्र राठी, रविंद्र राठी, बाबरपुर मंडी निवासी सुनील शर्मा व एल्डिको निवासी प्रीतम को पुलिस जल्द ही प्रोडक्शन वारंट लेकर पूछताछ करेगी।

### फायरिंग कर रंगदारी मांगने का आरोपी रोहतक से पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने देशराज कालोनी में डीआरएम स्कूल के पास हिस्ट्रीशीटर व शराब के ठेकेदार इंद्रजीत उर्फ सोहना पुत्र बलविंद्र के ऑफिस के बाहर फायरिंग व पर्ची फेंककर 10 लाख की रंगदारी मांगने की वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी सोहन उर्फ सोनू निवासी गांव बसाना रोहतक को गिरफ्तार किया है। आरोपी चंडीगढ में बैकरी में काम करता है। आरोपी के पास से दो देसी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। इधर, एएसपी हर्षित गोयल ने बताया कि सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने सोहन को पकड़ा है। पूछताछ में सोहन ने बताया देशराज कॉलोनी निवासी दीपक कनाडा में रहता है और उसी के कहने पर ही उसने अपने अन्य साथी इंद्रजीत के कार्यालय पर फायरिंग की थी। दीपक का इंद्रजीत से जमीनी विवाद चल रहा है। दीपक ने इंस्टा पर बातचीत कर कर देशराज कालोनी में दबदबा बनाने के लिए इंद्रजीत के ऑफिस के बाहर फॉयरिंग करवाई थी। इसकी एवज में दीपक ने 60 हजार देने की बात कही थी और वारदात में प्रयुक्त हथियार भी उनको दीपक ने ही उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने सोहन को छह दिन के रिमांड पर लिया है।

**कनाडा में रह रहे दीपक के कहने पर की फायरिंग**

## सीएम फ्लाइंग ने नलवी की दो डेयरियों का किया निरीक्षण



**कुरुक्षेत्र।** नलवी गांव में डायरियों पर कार्रवाई करती सीएम उड़नदस्ते की टीम।

**कुरुक्षेत्र।** गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता अंबाला की टीम ने वीरवार को निकटवर्ती गांव नलवी में 2 मिल्क डेयरियों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। उड़नदस्ते की इस कार्रवाई से डेयरी संचालकों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की गई और दूध व दुग्ध उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता अम्बाला टीम से उप निरीक्षक राजबीर सिंह व सहायक उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार के साथ संयुक्त रूप से गांव नलवी स्थित डेयरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी संचालक लक्ष्मण साहनी निवासी वासवरिया, पूर्वी चम्पारण (बिहार) मौके पर मौजूद मिला।

### परीक्षण के लिए सील कर प्रयोगशाला भेजे

पूछताछ के दौरान डेयरी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस वह प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर डेयरी में 70 किलो मिक्स दूध, 5 किलो देसी घी और 15 किलो पनीर पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिक्स दूध, देसी घी और पनीर के एक-एक सैम्पल, कुल तीन सैम्पल, परीक्षण के लिए सील कर प्रयोगशाला भेजे। बिना दस्तावेज डेयरी संचालन को गंभीर लापरवाही मानते हुए आगे की कार्रवाई नियमों के अनुसार की जा रही है। इसके बाद टीम ने गाँव नलवी में ही स्थित एक अन्य डेयरी का निरीक्षण किया। डेयरी संचालक जसविन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह मौके पर मिला। डेयरी में 1000 लीटर दूध और 150 किलो मध्यम फैट क्रीम पाई गई। डेयरी संचालक द्वारा एफएसएसआई का लाइसेंस प्रस्तुत किया गया, जिसे वैध पाया गया। डॉ. अमित कुमार द्वारा दूध व क्रीम के एक-एक सैम्पल, कुल दो सैंपल, परीक्षण के लिए भेजे गए। सैम्पल रिपोर्ट आने पर मानकों की अनदेखी पाई गई, तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## वाहन की टक्कर लगने से मौत

**जगाधरी के रक्षक विहार नाके के पास हुआ हादसा**

**यमुनानगर।** जगाधरी के रक्षक विहार नाके के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तेली माजरा नीलकंठ कॉलोनी निवासी मामो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका देवर सोहन लाल बुधवार शाम सात बजे काम से घर लौट रहा था। जब वह रक्षक विहार नाके के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसका देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सोहन लाल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कुरुक्षेत्र में भाई के वियोग में बहन ने तोड़ा दम

**चार दिन पहले बड़े भाई का हो गया था आकस्मिक निधन**

**भाई के फूल ले कर परिवार जा रहा था हरिद्वार**

**पीछे से आई बहन की मौत की सूचना**

**कुरुक्षेत्र।** भाई-बहन का रिश्ता बड़ा ही पावन होता है। भाई हर हाल में बहन की मदद का प्रण लेता है। वहीं बहन भी हमेशा भाई की लंबी उम्र की हर समय कामना करती है। ऐसा ही देखने को मिला कांग्रेस नेता पिपली निवासी अशोक शर्मा के परिवार में। अशोक शर्मा के पिता 72 वर्षीय राजकुमार शर्मा की करीब चार दिन पहले मौत हो गई थी। उनकी बुआ 55 वर्षीय प्रकाशो देवी भाई की मौत के बाद पिपली ही आई हुई थी। भाई की मौत के बाद उनको आघात पहुंचा और वह गुमसुम थी। बुधवार को फूल रस्म थी। परिवार सुबह फूल लेकर हरिद्वार गए थे। बड़े भाई के वियोग में बहन ने भी दम तोड़ दिया। हरिद्वार जा रहे कुछ परिजन वापस पिपली आ गए। उन्होंने बुआ के पार्थिव शरीर को ससुराल करनाल पहुंचाया, जहां पर उनका अंतिम संस्कार कराया गया। कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने बताया कि उनके पिता सात भाई-बहन हैं। सभी के बीच बेहद प्रेम संबंध हैं, मगर उनकी बुआ प्रकाशो देवी व उनके पिता राजकुमार शर्मा में बेहद अटूट प्रेम था। दोनों लगभग रोजाना एक-दूसरे के बात करते थे।

## क्रेन की टक्कर से महिला की गई जान, पति व मासूम घायल

**करनाल में जीटी रोड पर नमस्ते चौक फ्लाईओवर पर हादसा**

**करनाल।** जीटी रोड पर नमस्ते चौक के फ्लाईओवर पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और पांच वर्षीय बच्चा घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब पीछे से आ रही एक क्रेन ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। उचानी गांव निवासी रविंद्र ने बताया कि वह अपनी 29 वर्षीय पत्नी रजनी और पांच साल के बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर पक्का पुल पर माथा टेकने जा रहा था। नमस्ते चौक फ्लाईओवर पर पहुंचने पर पत्नी ने बेटे को बाथरूम कराने के लिए बाइक रोकने को कहा। रविंद्र ने सड़क किनारे बाइक रोक दी। रजनी ने बच्चे को बाथरूम कराया और वापस बाइक पर बैठाने लगी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही क्रेन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रजनी क्रेन के टायर के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। रविंद्र तुरंत पत्नी को एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां करीब दो घंटे तक उपचार चला, लेकिन डॉक्टर उसे नहीं बचा सके और महिला की मौत हो गई। हादसे में रविंद्र और उसका बच्चा भी चोटिल हुए हैं।

**यमुनानगर में मकान बेचने और शहजादपुर में प्रॉपर्टी के नाम पर ठगी**

# महिला से हड़पे 27 लाख 90 हजार

**यमुनानगर।** मकान बेचने के नाम पर पुराना हमीदा निवासी ललिता गुप्ता से 27 लाख 90 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप करनाल के गांव संथेड़ी निवासी सोनू उर्फ राहुल व कृष्णा कालोनी निवासी कैलाश देवी पर लगा है। आरोपियों ने रुपये लेने के बाद रजिस्ट्री नहीं कराई। पीड़िता ने गोल्ड लोन व रिश्तेदारों से उधार लेकर यह रुपये दिए थे। शहर यमुनानगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में ललिता गुप्ता ने बताया कि कॉलोनी की किरण जैसवाल के साथ उसकी दोस्ती है। उसके मकान मालिक के पास सोनू कुमार उर्फ राहुल का आना जाना था। जिसके चलते किरण की भी उससे जानकारी हो गई। उसके माध्यम से ही आरोपी से मिली। आरोपी प्रापर्टी डीलर का कार्य करता था। आरोपी से मकान खरीदने के बारे में बात की तो आरोपी सोनू ने अपनी जानकार कैलाश देवी का मकान दिखाया। 100 वर्ग गज के मकान का सौदा 30 लाख रुपये में तय हुआ। उसने आरोपी को बयाने के तौर पर 18 लाख रुपये दे दिए। इस मकान के खरीदने के बारे में इकरारनामा लिखवाने के बारे में बात की तो उसने कहा कि सीधी रजिस्ट्री करा देंगे। जब रजिस्ट्री का समय आया तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। आरोपी उससे ओर रुपये मांगने लगे। जिसके बाद उसने आरोपियों को नौ लाख 90 हजार रुपये और दिए। इसके बाद भी आरोपियों ने रजिस्ट्री कराने से मना कर दिया। जब उसने आरोपियों से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### पॉवर हाउस में कार्यरत कर्मचारी से 8.50 लाख रुपये हड़पे

**शहजादपुर।** प्रॉपर्टी के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बिजली विभाग बरवाला पॉवर हाउस में कार्यरत आजमपुर गांव के मनीष कुमार की शिकायत पर पंजाब के जसबीर सिंह उर्फ जस्सी, कुलदीप सिंह उर्फ इंद्र और एक बुजुर्ग व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी केस दर्ज किया है। मनीष ने बताया कि आरोपी पंजाब निवासी जसबीर सिंह उर्फ जस्सी ने पहले नजदीकियां बढ़ाईं और खुद को दूर का रिश्तेदार बताया। जस्सी ने मनीष को लालच दिया कि वह उसे कम कीमत पर कोठी दिलाकर उसे भारी मुनाफे के साथ बिकवा देगा, उसने झांसा देकर 18 लाख हड़प लिए। पीड़ित ने जब पुलिस से शिकायत की तो आरोपियों ने 9.50 लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन आरोपी बाकी 8.50 लाख देने से इंकार कर रहे हैं।

**पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू**

# बच्चों के अंदर निर्धारित दक्षताओं को पैदा किए बिना शिक्षण कार्य अधूरा : धर्मपाल चौधरी

### विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा चलाए गए निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी के नेतृत्व में दूसरे बैच के अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में शुरू हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कार्यशाला के दौरान रिमेडियल कार्य के अंतर्गत हिंदी विषय की दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए दक्षताओं पर क्रमवार शिक्षण कार्य किया जाना है।

उन्होंने बताया कि वर्ण पहचान, अक्षर पहचान, अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाना, शब्द पठान, वाक्य पठान, छोटे पाठों को प्रवाह के साथ पढ़ना, पाठ को पढ़कर समझना व लेखन आदि गतिविधियों को आयोजित करके उनका आकलन करके सुधारात्मक पग उठाना मुख्य काम है। उन्होंने बताया कि गणित में बच्चों को निपुणता बढ़ाने के लिए कक्षा दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चे की रेमेडियल कार्य की आवश्यकता को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गणित की अवधारणा एक दूसरे से जुड़ी होती है और नई अवधारणा सीखने के लिए पीछे की अवधारणा का आना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे पिछली अवधारणा में पिछड़ रहे होते हैं तो आगामी अवधारणा पर समझ पाना कठिन होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर निर्धारित दक्षताओं को पैदा किए बिना शिक्षण कार्य अधूरा है।



**इंद्री।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापकों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर। *फोटो : हरिभूमि*

### अध्यापकों को रेमेडियल कार्य के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राध्यापक डॉ. प्रवीन एवं डॉ. ईश्वर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यशाला का अवलोकन करके अध्यापकों से निपुण हरियाणा मिशन के मूल तत्वों पर चर्चा की। उन्होंने अध्यापकों से संवाद करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के जीवन की बुनियाद है इसे मजबूत बनाना हम सब का नैतिक, सामाजिक एवं वैधानिक कर्तव्य है। प्रशिक्षण कार्यशाला में बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी, रविंद्र शिल्पी व कविता कांबोज, रजत शर्मा, रीना कंबोज, अनिल आर्य व अनुपमा कंबोज ने अध्यापकों को रेमेडियल कार्य के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर एबीआरसी मोनिका, गरिमा शर्मा, सविता, रीना, सुखविंदर सिंह, डा. बाबुराम, युगल किशोर मित्तल, शैलजा, महेंद्र कुमार, मानसिंह चंदेल व गुलाब सिंह आदि मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### ममोती नगरी में एक ही रात में चार जगह चोरी

**करनाल।** मोती नगरी क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में चार अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी। पहले चोरों ने तीन दुकानों में सेंधमारी की और इसके बाद शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए शेरावाली माता की सोने की नाथ सहित कीमती सामान चोरी कर लिया। मंदिर के पुजारी रामनिवास शास्त्री ने बताया कि वह रात करीब नौ बजे मंदिर बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब पांच बजे जब मंदिर पहुंचे तो देखा कि माता की सोने की नाथ के अलावा पीतल और तांबे के बर्तन गायब थे। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां कैद हुई हैं।



### डेयरी टाइटन अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. दिलीप

**करनाल।** आईसीएआर–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र तथा डेयरी प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख रहे डॉ. दिलीप गोसाईं को ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा डेयरी टाइटन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डेयरी उद्योग में आजीवन योगदान (लाइफटाइम कंट्रीब्यूशन टू डेयरी इंडस्ट्री) की श्रेणी में प्रदान किया गया। डेयरी टाइटन अवार्ड एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान है, जो वैश्विक डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार, अनुसंधान एवं परिवर्तनकारी योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत डेयरी उत्पादन, प्रसंस्करण, स्थिरता, तकनीक अपनाने तथा किसान-केंद्रित विकास में उल्लेखनीय योगदान को मान्यता दी जाती है। यह पुरस्कार इंटरनेशनल डेयरी प्रोसेसिंग कॉन्फ्रेंस 2026, नई दिल्ली के दौरान तमिलनाडु सरकार के दुग्ध एवं डेयरी विकास मंत्री माननीय थिरु टी. मनो थंगराज द्वारा प्रदान किया गया।

### कानूनी साक्षरता व नशे के विरोध में कार्यशाला

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-14 में प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी की अध्यक्षता में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला प्रकोष्ठ की अधिकारी डॉ. सुनीता चोपड़ा ने प्रेरणादायक उद्बोधन के साथ किया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता के महत्व से अवगत कराया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सीजेएम डॉ. इरम हसन ने नशा विरोधी अभियान पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की संरचना को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। नागरिक अस्पताल के डॉ. हरीश कुमार ने नशा मुक्त भारत अभियान और एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए रोकथाम के उपाय बताए। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करमजीत कौर और स्वयंसेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही।

## प्रदेश में 1,584 हेक्टेयर में हो रही फूलों की खेती, बागवानी में भी बढ़ा रुझान

# गेंदा, गुलाब और रजनीगंधा की खेती का मुनाफा किसानों को कर रहा आकर्षित

- **दो दिवसीय कार्यशाला में अफसरों को दिया बागवानी का प्रशिक्षण**
- **बागवानी फसलों से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर**

वर्तमान में हरियाणा में करीब 4 लाख 18 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में बागवानी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है, प्रदेश में फल एवं सब्जियों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्कृष्ट केंद्रों पर 14 नए बागवानी विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल एवं हरियाणा बागवानी विभाग द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से सीएसएसआरआई परिसर में बागवानी अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन हरियाणा के किसान एवं कृषि कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई तथा कृषि मंत्री का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश के किसान अब परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए फसल विविधीकरण को अपना रहे हैं और तेजी से बागवानी फसलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 के दौरान प्रदेश में फलों के अंतर्गत 73,153 हेक्टेयर तथा सब्जियों के अंतर्गत 3,34,281 हेक्टेयर क्षेत्रफल रहा। इस अवधि में सब्जियों का कुल उत्पादन 58,56,938 मीट्रिक टन रहा। आलू उत्पादन में कुरुक्षेत्र जिला अग्रणी है। फूलों की खेती के अंतर्गत 1,584 हेक्टेयर क्षेत्रफल है, जिसमें गेंदा, रजनीगंधा, गुलाब, गुलदाउदी और ग्लाडिओलस प्रमुख फसलें हैं। गुरुग्राम जिले में गेंदे का क्षेत्रफल सर्वाधिक है, जबकि उत्पादन में सोनीपत जिला आगे है।



**करनाल।** बागवानी अधिकारियों की कार्यशाला का उद्घाटन करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

### बागवानी विभाग की पत्रिका किया विमोचन

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने बागवानी विभाग की पत्रिका, वार्षिक कैलेंडर और विभागीय योजनाओं से संबंधित तीन पुस्तिकाओं का भी विमोचन किया। कार्यशाला में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति एस.के. मल्होत्रा, चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजवीर गर्ग, बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ. रणबीर सिंह, अध्यक्ष डॉ. अर्जुन सैनी, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक आर.के. यादव, अनुसंधान निदेशक डॉ. धर्मपाल चौधरी सहित विभिन्न जिलों से आए एसडीओ स्तर व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### ये बोले कृषि मंत्री

कृषि मंत्री ने कहा कि दिल्ली के तीन ओर हरियाणा की सीमाएं लगने के कारण यहां बागवानी उत्पादों की खपत अधिक है और किसानों को अच्छे दाम भी मिलते हैं। हालांकि विकास के साथ चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मुख्य रूप से खाद्यान्न फसलों पर केंद्रित रहे हैं, जबकि बागवानी में फल, सब्जियां, फूल, मसाले, मशरूम और औषधीय पौधों के लिए अलग-अलग वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं। बागवानी फसलों से पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक आय प्राप्त होती है।

### बागवानी वैज्ञानिकों, नर्सरी प्रबंधकों की बढ़ रही मांग

कृषि मंत्री कहा कि प्रदेश में बागवानी वैज्ञानिकों, नर्सरी प्रबंधकों, पोस्ट-हार्वेस्ट विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। माइक्रो-सिंचाई, संरक्षित खेती, कोल्ड चेन और खाद्य प्रसंस्करण जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान और तकनीकी मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय और बागवानी विभाग के आपसी तालमेल से फसल विविधीकरण की गति तेज होगी और फल, सब्जी, फ्लोरीकल्चर व औषधीय पौधों के निर्यात क्लस्टर विकसित होंगे। कार्यशाला के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि ग्रामीण युवाओं के लिए नर्सरी, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और एग्री स्टार्टअप के क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में सभी विभागों, संस्थानों और किसानों की सहभागिता पर भी जोर दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 24 फसलों पर एमएसपी घोषित की है तथा किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए भावांतर योजना लागू की गई है। धान घोटाले से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि किसानों को इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।



**करनाल।** प्रभातफेरी के दौरान भगवान शिव की आरती करते श्रद्धालु।

### प्रभातफेरी में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा, पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरी में श्रद्धा की बयार बह रही है। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु घरों से बाहर निकलकर भगवान शिव शंकर के दर्शन के लिए प्रभातफेरी में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शिव शंकर की आरती उतारी तथा जलाभिषेक किया। बच्चे पूरे मार्ग में हर-हर महादेव के जयकारे लगाते रहे। प्रभातफेरी चौड़ा बाजार, बांसो गेट, मटक माजरी, भगत मंडी, जनता मंडी, रूप कालोनी व दयालपुरा से होकर गुजरी। जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया। सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



**करनाल।** सहकारी बैंक कर्मचारी रोष प्रदर्शन करते हुए।

### सहकारी बैंक कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन

**करनाल।** वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) के बैनर तले सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मचारियों ने गुरुवार को रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार जॉब सुरक्षा कानून के विपरीत कार्य कर रही है और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के बजाय उनकी नौकरियां छीनी जा रही हैं। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने दि करनाल केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की जनरल मैनेजर शीतल पानू को मुख्यमंत्री व हरको बैंक के जनरल मैनेजर के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेताओं सुरेंद्र प्योंत व महिंद्र सिंह नरवाल ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों को पहले हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया गया था, लेकिन नए पोर्टल में पूरे हरियाणा के कोऑपरेटिव बैंक कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी के विरोध में पूरे प्रदेश में सहकारी बैंक कर्मचारियों ने अपने-अपने मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि उन्हें दोबारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए।

## 30 करोड़ से लगेंगे तरावड़ी के विकास को पंख, एसडीएम की बैठक में पास हुए प्रस्ताव

- तरावड़ी नगरपालिका बैठक में 30 करोड़ के विकास कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। बैठक मे भाग लेते चैयरमेन विरेन्द्र बंसल, सचिव अजीत व पार्षद

तरावड़ी नगरपालिका पार्षदों की बैठक में शहर के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में जोहड़ के सौंदर्यकरण, वार्ड नंबर 1 में पार्क का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने, किले के पीछे सामुदायिक भवन, लल्याणी रोड पर आधुनिक सभागार, नड़ाना रोड पर इंडोर स्टेडियम तथा शहर की एंट्री पर भव्य स्वागत द्वार के निर्माण सहित करीब 30 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी दी गई। बैठक में पार्षदों ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी। जोहड़ के सौंदर्यकरण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और आसपास का क्षेत्र भी आकर्षक बनेगा। वहीं, अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से पार्क का नामकरण नई पीढ़ी को उनके योगदान से जोडऩे का कार्य करेगा। नड़ाना रोड पर इंडोर स्टेडियम बनने से युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि सभी विकास कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और निर्धारित समय में कार्य पूरे कराने का प्रयास किया जाएगा।

### आंगनवाड़ी कर्मियों की जिला स्तरीय बैठक

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की जिला स्तरीय बैठक मानव सेवा संघ के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पिछले कई महीनों से मानदेय न मिलने, आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया लंबित रहने तथा अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान रूपा राणा ने की तथा संचालन जिला सचिव बिजनेश राणा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी के नकारात्मक रवैये के कारण वर्कर व हेल्पर आर्थिक संकट से गुजर रही हैं। छह महीने से मानदेय, एक साल से किराया, तीन साल से वर्दी का पैसा लंबित है। राशन, गैस सिलेंडर व एसएचजी भुगतान भी नहीं हो रहा। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिला कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी

- गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय इंद्री में अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम अनिल कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

एसडीएम अनिल कुमार ने एसडीएम कार्यालय इंद्री में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की । इस मौके पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी को हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ इंद्री अनाज मंडी में किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में मार्च पास्ट सलामी, पी.टी. शो और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सभी संबंधित विभाग समय रहते सभी प्रबंध पूरे करना सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा जांच शिविर लगाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष उपलब्धियों व उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किये जाने से सम्बन्धित अपने विभाग के नाम 20 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय में भेज दें। बैठक में उपमंडल स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।




**करनाल।** जुंडला में आयोजित रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर संघर्ष जारी

करनाल करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक चिड़ाव की बैठक प्रजापति (कुम्हार) धर्मशाला, जुंडला में खंड प्रधान जगन्नाथ राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव राजपाल शाहपुर ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को लागू करवाने के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं और अधिकारियों को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं।

जिला प्रधान बलराज सिंह ने बताया कि 22 व 23 फरवरी को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रिटायर्ड कर्मचारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

## कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति तक पहुंच रहीं

- पीएम मोदी और सीएम नायब के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



विधानसभा घरौंडा के भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों,मुबारकबाद शक्ति केंद्र पर कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने की।

बैठक में मुख्य रूप से पहुंचे मधुबन मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, महा मंत्री सतबीर गोस्वामी व प्रवेश चौहान का पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रवास के दौरान मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए शक्ति केंद्र व बूथ स्तर की सुचियों को दुरुस्त किया गया। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठन के बल पर भाजपा जनसेवा के पथ पर अग्रसर है।भाजपा संगठन अनुशासन, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी और संगठन का निरंतर संवाद ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जनहित के मुद्दों पर भाजपा हमेशा गंभीरता से काम करती रही है। महामंत्री सतबीर गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, जिसमें संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।



**करनाल।** पुराना बस स्टैंड पर भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी।

### मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की भूख हड़ताल

करनाल। करनाल। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की करनाल डिपो कमेटी ने गुरुवार को पुराना बस स्टैंड पर अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल की। भूख हड़ताल की अध्यक्षता डिपो प्रधान सुरेश कश्यप संगोही ने की तथा संचालन डिपो सचिव राजेश कुमार ने किया। कर्मचारी नेताओं ने आठवें वेतन आयोग का गठन, समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, रेगुलराइजेशन, खाली पदों पर भर्ती तथा तबादला नीति रद्द करने की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जबरन ऑनलाइन तबादला नीति लागू की तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन तेज करेंगे।

यूनियन ने निजीकरण बंद करने, विभाग में 10 हजार नई बसें शामिल करने तथा सभी खाली पदों पर प्रमोशन देने की मांग भी रखी। इस अवसर पर सुमेर चंद, नरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुशील, महावीर पाई, सरबजीत सिंह सोहल, रमेश श्योकंद, विक्रम सिंह गुणा व चन्द्र भान खटक आदि मौजूद रहे।

## एससी-एसटी छात्रों को इग्नू में 50 प्रतिशत छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



- इच्छुक छात्र आवेदन के लिए प्रस्तुत करें जरूरी दस्तावेज

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्नातक स्तर के कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुल्क पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह छूट बीएएम, बीकॉमएफ और बीएससीएम जैसे पाठ्यक्रमों में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के माता-पिता अथवा अभिभावकों की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### दिव्यांग बच्चों के लिए अल्ट्रा मॉडर्न पार्क विकसित करेगा निगम

**करनाल।** शहर के दिव्यांग बच्चे अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्कों में बिना किसी बाधा के खेल-कूद और मनोरंजन कर सकेंगे। नगर निगम करनाल शहर के तीन प्रमुख पार्कों को अति आधुनिक (अल्ट्रा मॉड्रन) और पूरी तरह व्हीलचेयर फ्रेंडली पार्क के रूप में विकसित करने जा रहा है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पार्कों में चौड़े रास्ते, रैम्प, सरल संकेतक और विशेष डिजाइन की गई पगडंडियां होंगी, ताकि व्हीलचेयर एवं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग करने वाले दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं : गुप्ता

# विधायक व महापौर ने दी 12.13 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

विधायक जगमोहन आनंद एवं महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गुरुवार को करनाल शहर में करीब 12 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से होने वाले 13 विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इन कार्यों में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के दो तथा नगर निगम करनाल के 11 विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर संबंधित वार्डों के पार्षद संकल्प भंडारी, सुभाष चंद, अंकित तितोरिया, अमृत लाल जोशी, ईश कुमार गुलाटी, प्रियंका देवी, पार्षद प्रतिनिधि युद्धवीर सैनी सहित नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम, प्रदीप कल्याण तथा अन्य सहायक व कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्टर-4 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ऑटो मार्केट स्थानांतरित करने से पहले सड़कों की विशेष मरम्मत, जलापूर्ति, सीवरेज, बरसाती पानी निकासी और पार्किंग से जुड़े दो कार्यों से हुई, जिन पर करीब 6 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके पश्चात वार्ड-6, वार्ड-13, वार्ड-14 और वार्ड-15 में विभिन्न विकास कार्यों तथा पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स की चारदीवारी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर निगम द्वारा वार्ड-6 में सीवर लाइन, सड़क बनवायी जाएगी।



**करनाल।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक जगमोहन आनंद व महापौर रेनू बाला गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### सुविधाओं को ध्यान में रखकर करवाए जा रहे कार्य

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहर में सभी विकास कार्य जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर करवाए जा रहे हैं। करनाल के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी और शहर के हर क्षेत्र तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम में विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है और शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कट्टे के साथ युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बिंझौल नहर पटरी पर मोनू उर्फ मोनी पुत्र शेर सिंह निवासी गांव गढ़ी सिकंदरपुर जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी मोनू उर्फ मोनी के खिलाफ थाना माडल टाउन में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला बार में नव वर्ष का जश्न मनाया

**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में नव वर्ष जश्न मनाया गया। वहीं वकीलों ने बडी संख्या में नए साल के जश्न में भाग लिय और एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। इधर, बार के प्रधान सुरेंद्र दूहन ने सभी वकीलों आदि को नव वर्ष की बधाई दी। जश्न के दौरान प्रसाद का वितरण भी हुआ।

### प्रशासन ने निर्धनों को कंबल बांटे

**पानीपत।** कड़ाके की ठंड में असहाय और निराश्रित लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। वहीं, एसडीएम मनदीप कुमार ने बुधवार की देर रात रेन बसेरों का निरीक्षण किया व वहां मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन, फ्लाईओवर के नीचे और औद्योगिक क्षेत्र व सलम क्षेत्र की झुग्गियों में रह रहे गरीब, असहाय और यात्री लोगों को सर्दी से बचाव हेतु जागरूक किया और निर्धनों को कंबल बांटे।

### पुलिस ने हादसे का केस दर्ज किया

**पानीपत।** इसराना-समालखा रोड पर बीस दिसंबर को कार की टक्कर लगने से घायल हुए दो लोगों जितेंद्र व पुनीत को मामले में इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हुआ था। इधर, थानेदार इसराना ने बताया कि पुनीत की शिकायत पर कार के चालक पर केस दर्ज कर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

### हलवाई से एक करोड़ मांगने की जांच शुरू

**समालखा।** समालखा की पुरानी गुड़ मंडी में गाजरपाल वाले राजेंद्र मित्तल की दुकान पर फायरिंग कर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगे जाने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्मरणीय है कि मंगलवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने राजेंद्र की दुकान पर फायरिंग कर राजेंद्र मित्तल से एक करोड की फिरौती मांगी है। वहीं, गोली लगने से दुकान के शीशे टूट गए और कांच के टुकड़े लगने से दुकानदार राजेंद्र के पुत्र मनोज मित्तल घायल हो था। वहीं, डीएसपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि राजेंद्र मित्तल की दुकान पर फायरिंग व रंगदारी मांगें जाने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### आंखों को स्वस्थ्य रखने की जानकारी दी

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल में आयोजित एनएसएस शिविर के चौथे दिन वीरवार को कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल शर्मा ने प्रातः कालीन सत्र में योगाभ्यास के बाद अलग-अलग मुद्राओं का अभ्यास करवाया तथा विस्तार से आंखों को कैसे स्वस्थ्य रखा जाए इसकी विस्तार से जानकारी दी। जबकि प्रधानाचार्य भव्या शर्मा ने स्वयंसेवकों को नैतिक मूल्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव सिवाह के कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र शर्मा, राजकीय स्कूल गांव बबैल के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अजेंद्र कुंडू, एनएसएस जिला को ऑर्डिनेटर सुनील मलिक ने स्वयंसेवकों को समय की महत्ता बताते हुए समय के सदुपयोग पर जोर दिया।

### रोडवेज चालकों की आंखें जांची

**पानीपत।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मास अभियान के तहत आरटीए ने स्वास्थ्य विभाग और हरियाणा राज्य परिवहन के सहयोग से न्यू बस स्टैंड, सिवाह में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। मुख्य रूप से ड्राइवर, कंडक्टर और अन्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों की आंखों की जांच की गई।

# बेमुद्दा विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा

- केंद्रीय मंत्री जयंत का समालखा में पूर्व विधायक रविंद्र ने जोरदार स्वागत किया, चौ.चरण सिंह के पौते से मिलने बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, बस आम जनता को गुमराह करने का काम आज कल विपक्ष कर रहा है। एसआईआर से वोटों की जांच की जा रही है। जो व्यक्ति भारत का नागरिक है,उसे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही है,लेकिन विपक्ष जनता के हित के मुद्दों की लडाइर लडने की बजाए आम जन को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। जिससें देश की जनता पहचान चुकी है उक्त बाते भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने वीरवार को पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली के फार्म हाऊस पर आमजन को सम्बोधित करते हुए कही।



केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक रविंद्र मछरौली।

### बुक्का भेट कर जोरदार स्वागत किया

इस दौरान पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने उनका स्मृति चिन्ह देकर समर्थकों के साथ बुक्का भेट कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, रॉकी मित्तल, सचिन अग्रवाल, सुनील शर्मा, पूर्व सरपंच अमजद मजीदी, सरपंच सुरेश मलिक, प्रदीप राठी, राजेन्द्र शर्मा, सरपंच कपिल शर्मा, मन्नू छाबडा, पूर्व सरपंच जयकुमार, नितिन कंसल, दीपक दूहन, रविन्द्र ताहरपुर, दीपक शर्मा उर्फ अमरीश, नरेश शर्मा, सीता रावल, रामपाल, गौरव मच्छरौली, राकेश आदि बडी संख्य में किसान भारत रत्न किसानों के मसीहा रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह के पौते केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मिलने पहुंचे थे।

# महिला कौशल विकास से विकसित होगा भारत

- एआई की नई विधि के लिए पीढ़ी को होना होगा तैयार, केंद्रीय मंत्री ने पानीपत में किया बालिका छात्रावास का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भारत सरकार के कौशल विकास, उद्यमशीलता व शिक्षा मंत्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को पानीपत के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को सुरक्षित आवास, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और उद्योग आधारित कौशल उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। वहीं, मंत्री चौधरी ने कहा कि जब युवा महिलाएं बिना किसी रुकावट के तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं, तो देश की विकास यात्रा और अधिक सशक्त होती है।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी गर्ल्स हॉस्टल का शुभारंभ करते हुए।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

कार्यक्रम प्रशिक्षण महानिदेशालय के उप महानिदेशक सुनील कुमार गुप्ता, हरियाणा क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक सुशील कुमार अग्रवाल, सहायक निदेकश यश गर्ग, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) की प्राचार्या और सहायक निदेशक बबीता, हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, आईटीआई के प्रिंसीपल डॉ. कृष्ण कुमार तथा वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, प्रशिक्षु छात्राएं एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री जयंत चौधरी को विभाग की ओर से महानिदेशालय के उप महानिदेशक सुनील कुमार ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### छात्रावास सीसीटीवी से लैस रहेगा

नया बालिका छात्रावास 2 हजार 758 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित भूतल सहित दो मंजिला (जी प्लस टू) भवन है। इसमें कुल 59 कमरे, 50 दोहरी साझा आवासीय इकाइयां, मनोरंजन कक्ष, अतिथि सुविधा और सामुदायिक स्थल उपलब्ध हैं। छात्रावास को सुरक्षा, सुगमता और पर्यावरणीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। ऊर्जा दक्ष प्रणालियों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परिसर छात्राओं को सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेगा। यह छात्रावास सीसीटीवी से लैस रहेगा।

## मनरेगा की खामियों को दूर कर श्रमिकों को न्याय दिलाने का काम कर रही सरकार

# श्रमिकों के हक की योजना है विकसित भारत जी राम जी

*यह योजना देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों के हित में लाई गई*

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बीजेपी कार्यालय श्याम कमल में आयोजित मीडिया कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर विपक्षी पार्टियां जानबूझकर दुष्प्रचार फैला रही हैं, जबकि यह योजना देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों के हित में लाई गई है।

### श्रमिक हितैषी हैं मोदी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना की शुरुआत की है। यह योजना समय के साथ अप्रासंगिक और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो चुकी मनरेगा की जगह लाई गई है। ढांडा ने कहा कि किसी भी योजना में समय के साथ आई कमियों को सुधारना नीति निर्माण का स्वाभाविक हिस्सा होता है। मनरेगा के दौरान कई गंभीर समस्याएं सामने आईं, ऐसे में पुराने और खामियों से भरे ढांचे को बिना सुधार के आगे बढ़ाना न तो श्रमिकों के हित में था और न ही देश के।



पानीपत। भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### मंत्री ने जनसुनवाई की

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह कानून वास्तविक श्रमिकों के हित में है और एक सच्चे विकसित भारत के निर्माण के लिए श्रमिकों को सशक्त बनाने का माध्यम है। वहीं, मंत्री ढांडा ने जनता की समस्याएं सुनी और संबंधी विभाग को निराकरण के आदेश दिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, सुनील कंसल, सुमित जागलान, ज्योति शर्मा, आरडी कल्याण, रविंदर तुषामड़, भावना जैन, लाजपत मल्होत्रा, मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, तरुण

### श्रमिकों को 5243 करोड़ का भुगतान किया

महिपाल ढांडा ने कहा कि अक्टूबर 2014 से अक्टूबर 2025 तक हरियाणा में श्रमिकों को 5 हजार 243 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि कांग्रेस के 10 वर्षों के शासनकाल में केवल 1 हजार 854 करोड़ रुपये ही दिए गए थे। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिजिटल उपस्थिति, सीधे खाते में भुगतान, जियो-टैगिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसे कड़े प्रावधान किए गए हैं।



पानीपत। भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### रोजगार गारंटी 125 दिन की

*शिक्षा मंत्री ढांडा बताया कि नए प्रावधानों के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी और रोजगार सुरक्षा को बड़ा बढ़ावा मिला है। इससे पूरे देश में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी, जबकि हरियाणा में प्रत्येक श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।*

### लाभार्थी सूची में हेराफेरी की

मंत्री ढांडा सन 2013 की कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यूपीए शासनकाल में मनरेगा में फर्जी लाभार्थियों की भरमार थी और केवल धन की हेराफेरी के उद्देश्य से लाभार्थी सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। उस समय मनरेगा एक ऐसी योजना बनकर रह गई थी, जिसका उद्देश्य केवल गड्ढे खोदना और उन्हें भरना था।

### भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं की

शिक्षा मंत्री ढांडा ने बताया कि पंजाब में हुए सोशल ऑडिट में वित्तीय गबन के मामले सामने आए, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मनरेगा के तहत अस्वीकृत परियोजनाएं भी बिना निगरानी और रिकॉर्ड के चलाई जा रही थीं, जिससे मेहनती श्रमिकों की उचित मजदूरी छीनी गई।

### सुधारों का विरोध कर रहा है विफल

मंत्री ने कहा कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी सरकार इन्हीं सुधारों का विरोध कर रही है और संसद में इनके खिलाफ बहस और प्रस्ताव पारित कर रही है।



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को फूल भेंट करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# समाज को सशक्त करने में अहम कड़ी हैं सामाजिक संस्थाएं: डॉ. दहिया

- फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा की जा रही जनसेवा संकल्प सराहनीय हैं: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत जिला की प्रमुख सामाजिक संस्था फला उजियारा फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से जिला सचिवालय में शिष्टाचार मुलाकात कर संस्था द्वारा वर्ष भर में किए गए सामाजिक कार्यों से अवगत कराया व बुके देकर स्वागत किया।

वहीं, उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, दिव्यांग कल्याण और गरीब बेटियों के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय हैं। यदि हर संस्था इसी भावना से कार्य करे तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित है। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि प्रशासन सदैव ऐसे जनहित कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

### शुभकामनाएं दी

इधर, रंजीता कौशिक ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता करना नहीं, बल्कि समाज को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है। हमें गर्व है कि इस वर्ष हमने पर्यावरण संरक्षण, 17 दिव्यांग जनों के सर्टिफिकेट, 12 बेटियों की शादी, नशा मुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में ठोस कार्य किए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त डॉ वीरेंद्र का मार्गदर्शन हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में संस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। जबकि डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सामाजिक संस्था अध्यक्ष को भविष्य में भी समाज हित के लिए और बेहतर करने के लिए कहा व अपनी शुभकामनाएं दी।

# स्वच्छता को बच्चों की आदत बनाएं टीचर्स

- जीवन में स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति सचेत होना सबसे बड़ा कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव किवाना में राष्ट्रीय सेवा शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि सरपंच चैन पाल छौक्कर रहे। शिविर के संयोजक प्राध्यापक जोगिंदर सिंह, प्राध्यापक अजित चंदेलिया, सचिन कुमार, प्राध्यापिका डा.सुशैन छौक्कर, शशीबाला के नेतृत्व में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर के समापन पर पहुंचे सरपंच चैन पाल छौक्कर का स्वागत किया। वहीं, छौक्कर ने कहा कि जीवन में स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति सचेत होना सबसे बड़ा कर्तव्य है। टीचर्स स्वच्छता को बच्चों की आदत बनाएं उन्होंने नशे से दूर रहने के टिप्स भी दिए। स्कूल प्रबंधन समिति के सामाजिक कार्यकर्ता मदन पाल छौक्कर ने कहा कि विद्यार्थी लगातार पढ़ाई करते हुए ये शिविर समाज में फैली कुरितियों, जीवन कौशल निर्माण को लेकर ज्ञान अर्जित करने का बेहतर साधन हैं।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य आशिष, राजेश पंच, योगेश कुमार व अनुज आदि मौजूद रहे।



समालखा। राजकीय स्कूल गांव किवाना में अतिथियों के साथ स्वयं सेवी विद्यार्थी।

# जनविश्वास पर खरे उतरें अधिकारी: कुमार

- 24 शिकायतकर्ताओं ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हरियाणा सरकार की पहल जनता समाधान शिविर के तहत गुरुवार को जिला सचिवालय में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर 24 शिकायतकर्ताओं ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। वहीं, शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। जनता समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को एक ही मंच पर अपनी शिकायत रखने का अवसर मिलता है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।



पानीपत। जनता समाधान कैंप में जनसुनवाई करते हुए अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये मौजूद रहे

इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिविर में पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, शिविर में निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, डीडीपीओ राजेश शर्मा, कंप्लेंट अधिकारी महेश त्यागी, संजीव शर्मा, जोगिंदर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की डायरेक्टर डॉ.अनीता मान ने की

# स्वस्तिक बाल विकास स्कूल में टीचर्स के लिए विकास कार्यशाला आयोजित

- पर्सनैलिटी डेवलपमेंट शिक्षकों के लिए प्रोफेशनल ग्रोथ और आजीवन सीखने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

स्वस्तिक बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा शिक्षकों के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं गूरमिंग पर आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की प्रोफेशनल दक्षता और पर्सनल ग्रोथ को सशक्त बनाना था। इस सत्र की रिसोर्स पर्सन टीच वन रीच वन फाउंडेशन की फाउंडर एवं डायरेक्टर राखी गिब्रानी ने इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट से जुड़ी व्यावहारिक एवं प्रभावी तकनीकें साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की डायरेक्टर डॉ.अनीता मान द्वारा रिसोर्स पर्सन के स्वागत से हुई। उन्होंने कहा कि पर्सनैलिटी डेवलपमेंट शिक्षकों के लिए प्रोफेशनल ग्रोथ और आजीवन सीखने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। वाइस प्रिंसिपल दीपक नागर ने अपने पेशे की पहचान और सकारात्मक सोच अपनाने के महत्व पर जोर दिया। डॉ.सोनू सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेड क्रॉस सोसाइटी ने ड्रेसिंग सेंस, सकारात्मक रवैया और निरंतर सीखने की मानसिकता पर अपने विचार रखे।



पानीपत। स्वस्तिक बाल विकास स्कूल में ट्रेनिंग के लिए पहुंचे टीचर्स।

### ग्राम पंचायत मनाना में करोड़ों का भ्रष्टाचार

- दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की

**समालखा।** पानीपत की ग्राम पंचायत मनाना में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये के गबन और भारी अनियमितताओं का मामला गरमा गया है। वहीं, गांव के निवासी संदीप राठी ने जिला उपायुक्त (समाधान शिविर, पानीपत) को एक विस्तृत शिकायत सौंपकर सरपंच, ग्राम सचिव और संबंधित विभागीय अधिकारियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। राठी ने समाधान कैंप में सरपंच पर भ्रष्टाचार के साक्ष्य भी दिए। वहीं, शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पिछले पांच महीनों में हुए लगभग तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों की किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाई जाए।

उन्होंने दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



समालखा। जीटी रोड का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारी।

# समालखा हलके में सड़कों को चकाचक किया जाएगा : भड़ाना

- विधायक के निर्देश पर अधिकारियों ने जीटी रोड का निरीक्षण कर खामियों को चिहिंत किया

**समालखा।** विधायक मनमोहन भड़ाना के निर्देश पर समालखा जीटी रोड पर नालों की जर्जर स्थिति, सड़क टूटने व खड्डों के कारण हो रहे हादसों का समाधान कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नेशनल हाईवे व सर्विस लाइन का व्यापक निरीक्षण किया। बरसात के मौसम में जीटी रोड फोर लेन तालाब में तब्दील हो जाती है। जबकि टाटा मोटर से जमना पेट्रोल पंप तक बिना बारिश के भी जलभराव रहता है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राकेश अहलावत व सारिक ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। निरीक्षण में मार्केट कमेटी की सचिव सविता जैन, पब्लिक हेल्थ के एसडीओ मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सरकारी नीतियों के खिलाफ किसान मजदूर मोर्चा ने नए आंदोलन का किया ऐलान

## 13 को बिजली संशोधन, बीज क़ानून तथा वीबी ग्राम योजना से जुड़े संशोधन क़ानूनों की हर गांव में लोहड़ी पर जलाएंगे प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला


अंबाला। मीडिया से बातचीत करते किसान नेता।

■ 21 और 22 जनवरी को स्मार्ट मीटर उतारकर नज़दीकी बिजली दफ्तरों में दूसरे चरण के तहत जमा करवाए जाएंगे

किसान मज़दूर मोर्चा की ओर से वीरवार को पंजाब एवं देश भर में लागू किए जा रहे किसान–मज़दूर विरोधी क़ानूनों और सरकारी नीतियों के खिलाफ आगामी आंदोलनों की घोषणा की गई। पंजाब सरकार के साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद, गुरुद्वारा अंब साहिब, मोहाली में मनजीत सिंह राय की अध्यक्षता में मीटिंग हुई जिसमें आने वाले समय की संघर्षात्मक रणनीति तय की गई। इस दौरान 13 जनवरी को बिजली संशोधन बिल, बीज क़ानून तथा वीबी ग्राम योजना से जुड़े संशोधन क़ानूनों की प्रतियां पंजाब के गांव स्तर पर लोहड़ी की आग में जलाने का निर्णय लिया गया। 21 और 22 जनवरी को स्मार्ट मीटर उतारकर नज़दीकी बिजली दफ्तरों में दूसरे चरण के तहत जमा करवाए जाएंगे। 18 जनवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान के मजीठा (अमृतसर) दौरे के दौरान शंभू–खनौरी मोर्चा उजाड़ने, ट्रॉलियों की चोरी तथा अन्य मांगों को लेकर सवाल किए जाएंगे।

5 फरवरी को पंजाब के मंत्रियों और विधायकों के घरों के सामने धरने दिए जाएंगे। 24–25 जनवरी को राजस्थान में केएमएम चैप्टर भारत की बैठक आयोजित की जाएगी। केएमएम के नेताओं ने कहा कि भगवंत मान सरकार बैठक का न्योता देकर भूल गई, जिसकी मोर्चा कड़े शब्दों में निंदा करता है। शंभू–खनौरी मोर्चों के दौरान हुए नुकसान का मुआवज़ा देने से सरकार पीछे हट रही है, जबकि कई मांगों पर पहले ही सहमति बन चुकी थी। मोर्चा ने आंदोलनों के दौरान शहीद हुए किसानों और मज़दूरों के परिवारों को मुआवज़ा तथा सरकारी नौकरियां देने के सथ दिल्ली आंदोलन-2 (शंभू–खनौरी) के दौरान घायल हुए किसानों–मज़दूरों को मुआवज़ा देने की भी मांग रखी। इसके अलावा पराली जलाने, रेड एंट्री, जुर्मानों तथा आंदोलनों के दौरान दर्ज पुलिस व रेलवे पुलिस के मामलों को वापस लेने, बाढ़ से प्रभावित किसानों को बकाया मुआवज़ा तुरंत जारी करने की भी मांग की गई। मोर्चा की ओर स मुख्यमंत्री द्वारा बिजली संशोधन बिल का केवल बयानात्मक विरोध किया गया है। मोर्चा की मांग है कि इस बिल के खिलाफ पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जाए। बीज बिल, भारत–अमेरिका समझौते और वीबी ग्राम योजना पर पंजाब सरकार अपना स्पष्ट रुख सार्वजनिक करे तथा केंद्र सरकार को भेजी गई चिट्ठी को जनता के सामने लाया जाए। इसके अलावा मोर्चा ने पंजाब में नशों की बेरोकटोक बिक्री पर गहरी चिंता जताई गई। इसके लिए केंद्र सरकार, पंजाब सरकार, नशा माफिया और पुलिस के गठजोड़ को जिम्मेदार ठहराया गया। नशों के खिलाफ संयुक्त जन आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया गया। पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए केंद्र और पंजाब सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया गया।

### प्रेस, प्रदूषण, कृषि संकट विरोध

प्रेस की आवाज दबाने की कोशिशों की निंदा करते हुए पत्रकार समुदाय द्वारा घोषित आंदोलन को समर्थन दिया गया। हवा और पानी प्रदूषण से मानवता के लिए खतरा बन रही औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि देश और पंजाब में कृषि संकट बेहद गहरा हो चुका है। सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के वादे विफल हुए और केंद्र व पंजाब सरकार की कॉरपोरेट समर्थक नीतियां किसानों, मज़दूरों, कर्मचारियों, दुकानदारों और छोटे कारोबारियों से रोजगार छीनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इस दौरान सरवण सिंह पंधेर (किसान मज़दूर संघर्ष कमेटी पंजाब), मनजीत सिंह राय (बीकेयू दोआबा), जसविंदर सिंह लोंगोवाल (बीकेयू आजाद), बलदेव सिंह जीरा (बीकेयू क्रांतिकारी), जंग सिंह भनेड़ी (बीकेयू भनेड़ी), बलकार सिंह बैंस (बीकेएमयू पंजाब), बलवंत सिंह बहराम के (बीकेयू बहराम के), अमरजीत मोहड़ी (बीकेयू शहीद भगत सिंह), तथा किसान मज़दूर हितकारी सभा के नेता भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मोटरसाईकिल चोरी के मामलें में सीआईए-नारायणगढ़ ने मामले में संलिप्त आरोपी अनीस अहमद व गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सीआईए उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि उनकी टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अनीस अहमद के पास चोरी की मोटरसाइकिल है जो रायपुररानी से नारायणगढ़ रोड के पास खाली प्लाट में खड़ा है। सूचना उपरांत पुलिस ने आरोपी अनीस अहमद व उसके दोस्त गौरव कुमार को काबू किया कर आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल जब्त की। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी संजय को गिरफ्तार किया है। शहजादपुर के सुशील कुमार ने 18 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

शराब सहित आरोपी काबू

अंबाला। थाना पड़ाव क्षेत्र के 12 क्रॉस रोड पर अवैध शराब रखने के मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी दीपक को 60 पव्वे व 8 बोतल (कुल 23 बोतल) शराब सहित काबू किया है। सीआईए-1 के निरीक्षक ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी दीपक शराब की अवैध तस्करी का कारोबार करता है।

### नारायणगढ़ सब डिपो में कर्मियों का टोटा

**अंबाला।** नारायणगढ़ सब-डिपो से सफर करने वाले यात्रियों की मुश्किलें रोज बढ़ रही हैं। विभाग में स्टाफ की कमी के चलते पिछले एक साल से हरिद्वार और तीन महीने से पटियाला मार्ग पर बसों का संचालन बंद पड़ा है। हालात यह हैं कि 43 बसों के बेड़े को चलाने के लिए नारायणगढ़ सब डिपो के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नारायणगढ़ से हरिद्वार के लिए पहले दो बसों का संचालन होता था। पिछले एक साल से यह सेवा बंद है। यात्री अब निजी वाहन में अतिरिक्त किराया देकर हरिद्वार जा रहे है, इसके अलावा कई यात्री अंबाला कैंट बस अड्डे आकर बसें पकड़ने को मजबूर हैं।

प्रॉपर्टी डीलर पर मकान कब्जाने का आरोप, मारपीट के भी आरोप लगाए

# लतिका ने लगाए चोरी के आरोप, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

विधानसभा चुनाव लड़ चुकी लतिका महंत ने एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। उसका आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर ने सहयोगियों के साथ मिलकर घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। चोरी के बाद मकान पर जबरन कब्जा करने और जान से मारने की धमकियां देने के भी आरोप लगाए। लतिका महंत ने बताया कि वह इस मामले को लेकर एसपी को लिखित शिकायत दे चुकी हैं। इसके बाद भी पुलिस ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। लतिका महंत ने बताया कि 28 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6:15 बजे जब वह अपने गांव काठगढ़ स्थित घर में अपने चेले के साथ मौजूद थी तभी 40–50 लोगों ने जबरन उनके घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज की और उन्हें घर से बाहर निकालने की कोशिश की।

### मकान कब्जा, मारपीट व चोरी के लगाए आरोप

आरोप है कि इस दौरान घर से सोना-चांदी, नकदी, जरूरी दस्तावेज और अन्य सामान भी चोरी कर लिया गया। महंत के अनुसार उन्होंने मकान का 4 लाख रुपए में सौदा व 50 हजार बयाना किया था, जो कि ऑनलाइन गुरमीत के बेटे संदीप के खाते में भेजे गए थे। इसके बावजूद दबंगों द्वारा अवैध रूप से मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि वह एक महंत है। उनके गुरु द्वारा उन्हें 10 गांव मांगने-बधाई के अधिकार दिए गए हैं। इसके वैध कागजात उनके पास मौजूद हैं। प्रशासन से मांग की कि उन्हें उनका मकान, चोरी हुआ सामान और दस्तावेज वापस दिलाए।

## जरुरतमंदों के लिए काम कर रही रेडक्रॉस

**अंबाला।** भारतीय रेडक्रॉस समिति के महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने वीरवार को जिला शाखा का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी ने महासचिव डॉ सुनील कुमार को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महासचिव ने समिति अंबाला द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी गतिविधियों का निरीक्षण किया। सचिव विजयलक्ष्मी ने उन्हें अवगत करवाते हुए बताया कि जिला शाखा जरूरतमंद लोगों हेतु कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला शाखा वृद्ध जन हेतु वरिष्ठ नागरिक सदन मथुरा नगरी अंबाला शहर, बेघर जन हेतु अपना घर रेडक्रॉस कांप्लेक्स का संचालन कर रही है। इसके अलावा समय-समय पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान टी प्रोजेक्ट टीवी उन्मूलन जागरूकता अभियान चला रही है। निरीक्षण के दौरान महासचिव ने ब्रांच की वित्तीय स्थिति बारे में चर्चा की। इसके उपरांत महासचिव ने वरिष्ठ नागरिक सदन मथुरा नगरी में जाकर यहां पर रह रहे बुजुर्गों का कुशलक्षेम पूछा और उन्हें यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। उन्होंने इस अवसर पर बुजुर्गों के साथ लोहड़ी का पर्व मनाते हुए उनके स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने स्टाफ के सदस्यों के कार्यों की सराहना की और कहा कि आगे भी वे निरंतरता में अपने कार्य को इसी प्रकार करते रहें।

# अनाजमंडी की चारदीवारी करवाई जाए ऊंची

## मार्केट कमेटी के चेयरमैन से मंडी आढ़तियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शहजादपुर


शहजादपुर। चेयरमैन नरेन्द्र राणा कुराली आढ़तियों से बातचीत करते हुए।

नई सब्जी मंडी के आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडल ने मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा से कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सब्जी मंडी में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास से संबंधित विभिन्न मांगें उनके समक्ष रखीं।

प्रतिनिधिमंडल में प्रवीन सहगल प्रधान मंडी एसोसिएशन, अमित वालिया उपप्रधान, दिनेश शर्मा आढ़ती तथा पम्मी राठोर आढ़ती शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सब्जी मंडी में व्यापारियों, किसानों और श्रमिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### सब्जी मंडी सुविधाओं पर दिया आश्वासन

आढ़तियों ने सब्जी मंडी में नए शौचालय के निर्माण, मंडी की चारदीवारी को उंचा करवाने तथा सब्जी मंडी और अतिरिक्त अनाज मंडी के बीच एक नए गेट की स्थापना सहित अन्य आवश्यक मांगें रखीं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों से मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और दैनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा। चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी नारायणगढ़ के व्यापारियों और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। मंडी के विकास से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि किसी को भी असुविधा न हो।

# तरुण कौशल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, समाजसेवा संकल्प दोहराया

## 2006 में 'लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम' महोत्सव की हुई थी शुरुआत

■ महिलाओं के प्रति समाज की रूढिवादी सोच को बदलने के लिए समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल ने निभाई थी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चे।

सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की ओर से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर, पूर्व प्रधानाचार्या अनीता जैन, सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, वरिष्ठ सदस्य बजिंदर कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. बलवंत सिंह, वीरभान सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य बजिंदर कुमार ने कहा कि स्वर्गीय तरुण कौशल ने समाज सेवा की शुरुआत अपने छात्र जीवन में एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में की थी। उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल के साथ मिलकर वर्ष 2006 में 'लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम' महोत्सव की शुरुआत कर समाज की रूढ़िवादी सोच को बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया।

### तरुण कौशलः समाजसेवा की प्रेरणा

संस्था के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सैकड़ों सिलाई केंद्र स्थापित किए गए, जिनसे हजारों महिलाओं और बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबन की राह पकड़ी है। उन्होंने कहा कि तरुण एक कुशल शिक्षक होने के साथ-साथ समर्पित समाजसेवी भी थे। समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' सहित अनेक राज्य स्तरीय और प्रशासनिक सम्मानों से नवाजा गया। उन्होंने बताया कि उनकी स्मृति में चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है और उनके द्वारा शुरू किए गए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी को-स्पांसर कंपनी की ओर से विद्यार्थियों को इम्यूनिटी बूस्टर किट उपहार स्वरूप भेंट की।

# प्रदेश में बह रही विकास की बयार

■ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला


अंबाला। अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंन अधिकारियों से साफ कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हर समस्या का समाधान होना चाहिए।। इसके साथ-साथ उन्होंने कुछ समस्याओं को लेकर विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को समान रूप से करवाने का काम किया जा रहा है। सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो, इसके तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करके समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।

### पूर्व राज्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

पूर्व राज्यमंत्री के समक्ष बिजली निगम , पेंशन, जन स्वास्थ्य, सडकों की मरम्मत व विकास कार्यों को लेकर प्रार्थियों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्याओं का निदान करने बारे आग्रह किया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति वीरवार को उनके आवास पर आकर अपनी या अपने क्षेत्र की सामुहिक समस्या को रख सकता है।

# बराड़ा-शाहबाद मार्ग पर उगाला के पास खेतों में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

बराड़ा-शाहबाद मार्ग पर गांव उगाला के समीप खेतों में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव कंबास निवासी 30 वर्षीय प्रतीप पुत्र बलविंद्र सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही बराड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुलाना स्थित एमएम अस्पताल भिजवाया। मृतक के चाचा सुबा सिंह ने बताया कि प्रतीप बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे दवाई लेने के लिए बाइक पर शाहबाद गया था। दोपहर करीब एक बजे परिजनों ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला।

### पुलिस कर रही जांच

देर शाम परिजनों ने बराड़ा थाना में युवक की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह प्रतीप के साले सतनाम सिंह सहित अन्य परिजनों ने अपने स्तर पर खोजबीन शुरू की। इसी दौरान बराड़ा-शाहबाद रोड पर गांव उगाला के पास खेतों में एक बाइक खड़ी मिली। संदेह होने पर आसपास के खेतों में तलाश की गई, जहां गन्ने के खेत में प्रतीप का शव पड़ा मिला। युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बराड़ा थाना पुलिस तथा डीएसपी सुरेश कौशिक मौके पर पहुंचे। डीएसपी ने बताया कि शव के पास से एक सिरिंज और कुछ पुड़िया बरामद हुई हैं, जिससे प्रथम दृष्टया नशे के सेवन की आशंका जताई जा रही है।

# बेरहमी से मजदूर की हत्या करने वाले फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ प्रदर्शन

■ आरोपियों के खिलाफ हत्या के साथ एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़


नारायणगढ़। तहसीलदार को ज्ञापन देते प्रदर्शनकारी।

सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को सुभाष चौक से थाना नारायणगढ़ तक प्रदर्शन किया। वे 2 जनवरी को कालाअंब स्थित फैक्ट्री मालिकों द्वारा मजदूरों की निर्दयता से की मारपीट में मारे गए लखनपाल के सभी जिम्मेवारों पर ऐट्रोसिटी एक्ट में साजिशन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों व मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पीड़तों की जाति पूछ कर पिटाई की। परंतु पुलिस ने इसे नजर अंदाज कर कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इससे परिजनों व कालाअंब स्थित हरियाणा व हिमाचल की सभी फैक्ट्रीज में काम करने वाले मजदूरों में भारी गुस्सा है। प्रदर्शन में मृतक लखनपाल के पिता रोशन लाल व मासी संतोष चौहान व घायल मजदूर नीरज की माता कांता देवी समेत काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। थाना प्रबंधक ललित कुमार ने प्रदर्शनकरियों को भरोसा दिया कि एक घंटे में ऐट्रोसिटी एक्ट लगा कर कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके बाद आक्रोषित लोगों ने ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया जिसमें मृतक व घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई।

## धोखाधड़ी में अन्य दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज जमीन बेचने की धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने संलिप्त अन्य आरोपी कपिल व प्रवेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आर्थिक अपराध शाखा निरीक्षक परमवीर ने बताया कि परिवादी विजय ने 5 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 मई 2025 से 30 जुलाई 2025 के दौरान आरोपी कपिल व प्रवेश कुमार व अन्य ने तहसील कार्यालय में जमीन बेचने के मामले में उससे धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी करने के मामले में सीआईए-नारायणगढ ने संलिप्त अन्य आरोपी गुरबीर सिंह व संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ ने बताया कि इस मामले कुलवंत सिंह ने 7 अप्रैल 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अप्रैल 2022 से 24 फरवरी 2023 के दौरान आरोपी गुरबीर सिंह व अन्य ने फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करते हुए विदेश भेजने के मामले में उससे बड़ी रकम हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों के सुधार को मिला बजट

# सरकारी स्कूलों को मिलेगी राहत, तीन स्कूलों के लिए 1.61 करोड़ का फंड जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



सरकारी स्कूलों के असुरक्षित भवनों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। सरकार ने समग्र शिक्षा निदेशालय में राजकीय स्कूलों के भवनों को बनाने के लिए फंड जारी कर दिया है। अंबाला खंड वन में धुराला, रवालों व झीरीवाला के प्राथमिक स्कूल के भवन 1.61 करोड़ रुपये से बनेंगे, इनमें जीपीएस धुराला में 46.49 लाख से चार अतिरिक्त कक्षा कक्ष, एक लड़कों व एक लड़कियों के लिए शौचालय, जीपीएस रवालों में 5 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, एक लड़कों व एक लड़कियों के लिए शौचालय, चहारदीवारी 77.76 लाख, जीपीएस झीरीवाला में 3 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, लड़के व लड़कियों और सीडब्ल्यूएन शौचालय बनेंगे। इन पर करीब 37.77 लाख का बजट खर्च होगा। डीईओ सुधीर कालड़ा ने बताया कि अंबाला खंड वन के जीएमएस बड़ौला में चारदीवारी, कमरों की मरम्मत 9.79 लाख, जीएमएस कंगवाल चहारदीवारी 3.22 लाख, जीएमएस निहारसा 3.50 लाख, जीपीएस ललाना में कमरों की मरम्मत 4.40 लाख, जीपीसी मटहेड़ी जट्टां अतिरिक्त दो नए कमरे 20.44 लाख, जीपीएस नूरपुर मरम्मत कार्य 3.20 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह अंबाला खंड टू के जीजीपीएस सुल्तानपुर सीडब्ल्यूएसएन शौचालय 1.50 लाख, जीएमएस दलीपगढ़ में मरम्मत कार्य 4.93 लाख, जीएमएस डंगडेहरी में नई चारदीवारी के लिए 1.62 लाख, जीएमएस देवीनगर निर्माण एवं मरम्मत चारदीवारी 90 हजार, जीएमएस सिंघावाला चारदीवारी 1.75 लाख, जीएमएसपीएस बकरा मार्केट लड़के व लड़कियों के शौचालय व चारदीवारी मरम्मत 9.27 लाख, जीपीएस सुल्तानपुर सीडब्ल्यूएसएन शौचालय एवं रैंप के निर्माण पर 2.39 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### बराड़ा-साहा-नारायणगढ़ स्कूलों में होगा निर्माण

बराड़ा खंड के जीपीएस सिंबला में एक नया कमरा के निर्माण 1.22 लाख खर्च किए जाएंगे। साहा खंड के जीपीएस चुडियाली में मरम्मत कार्य पर 1.05 लाख, जीपीएस शेरगढ़ में कमरों का निर्माण व मरम्मत पर 3.59 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह नारायणगढ़ खंड के जीजीपीएस रज्जुमाजरा नई चारदीवारी पर 20.97 लाख, जीएमएस बुढ़ा खेड़ा में तीन कमरों की मरम्मत पर 2.45 लाख, जीएमएस डेहर चारदीवारी पर 10.64 लाख, जीएमएस झीरीवाला भवन निर्माण एवं मरम्मत पर 24.34 लाख, जीएमएस लालपुर एक कमरा, लड़के व लड़कियों के शौचालय व चारदीवारी पर 24.82 लाख, जीएमएस संगरानी में चारदीवारी निर्माण पर 24.75 लाख, जीपीएस अहमदपुर चारदीवारी पर 6.75 लाख, जीपीएस बधौली में 5.61 लाख, जीपीएस कल्याणा में चारदीवारी पर 3.66 लाख, जीपीएस राऊमाजरा में नई चारदीवारी पर 5.26 लाख, जीपीएस सैन माजरा में चारदीवारी व शौचालय के निर्माण पर 22.41 लाख, जीएमएस कलालमाजरी में आरसीसी चारदीवारी पर 10.50 लाख, जीएमएस नगला नानकू में छत मरम्मत व चारदीवारी पर 22.39 लाख, जीपीएस रातौड़ मरम्मत व अन्य कार्य पर 3.41 लाख, जीपीएस संतोखी लड़कियों के शौचालय का मरम्मत कार्य 1.34 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह जीपीएस, जीएमएस धमौली बिचली में निर्माण व मरम्मत कार्य भवन 2.32 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।